# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्थ सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-3

16 अग्रहायण, 1933 (श०)
बुधवार, तिथि ——————————
07 दिसम्बर, 2011 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—187

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | .. | 82 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | .. | 30 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | .. | 09 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 29 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | . | .. | 22 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 04 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | .. | 07 |
| (8) पंचायती राज विभाग | .. | .. | .. | 04 |
| | | | कुल योग .. | 187 |

सड़क का निर्माण

*70. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड सोनवर्षा के फतेहपुर से काशनगर तक सड़क प्रधानमंत्री सड़क योजना में वित्तीय वर्ष 2009-10 में स्वीकृत हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि योजना स्वीकृति के बावजूद आजतक सड़क निर्माण का कार्य आरंभ नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वीकृत सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूर्ण करना

*71. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड बगहा-2 के ग्राम हथुअनवा एवं हसनपुर में पहाड़ी नदी द्वारा विगत् दो वर्षों से कटाव का खतरा बना हुआ है और लोग भयक्रांत है;

(2) क्या यह बात सही है कि हथुअनवा ग्राम के उरांवों के कई घर नदी के भयावह कटाव के कारण जल में विलीन हो चुके हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन गांवों के सुरक्षा हेतु ''कटाव रोधी'' कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है,यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*72. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत गड़हनी प्रखंड के भेड़री गांव की आबादी 1000 (एक हजार) रहने के बावजूद आजतक उसे मुख्य सड़क से नहीं जोड़ा गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*73. श्री विक्रम कुंवर--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008 में सीवान जिला के प्रखंड हुसैनगंज के अधीन पूर्वी हरदास के पंचायत के मुखिया द्वारा इंदिरा आवास आवंटन एवं बी०पी०एल० सूची के नाम दर्ज करने में काफी अनियमितता की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उप-निदेशक पंचायती राज विभाग, पटना ने अपने पत्रांक 4699, दिनांक 30 जून, 2010 के द्वारा जिलाधिकारी, सीवान को जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु विभाग को अवगत कराने का अनुरोध किया है;

(3) क्या यह बात सही है कि उप-निदेशक, पंचायती राज के लिखने के बावजूद आजतक जिलाधिकारी, सीवान द्वारा मुखिया के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जांच कर उक्त मुखिया के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*74. प्रो० चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के साहुगढ़, दिवानी टोला से म०वि० दिवानी टोला, दुल्लहराम टोला से अधिसूचित स्वास्थ्य उप-केन्द्र, मोरकाही टोला सीहपुर होते हुए रोड नं०-5 भेलवा मधेपुरा पक्की पथ तक की सड़क कच्ची एवं जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*75. श्री रामसेवक हजारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत कल्याणपुर चौक से किशनपुर रेलवे स्टेशन तक की सड़कें निबंधन कार्यालय, रेलवे स्टेशन एवं वारिसनगर, प्रखंड, थाना को जोड़ने वाली सड़क है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में लेकर बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई सुविधा देना

*76. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान-सभा के शम्भूगंज प्रखंड के गुलनी कुशहा पंचायत के गुलनी लाल मोहन सिंह के खेत के बगल में छिलका का निर्माण का प्रस्ताव वर्ष 2009-10 से विभाग के अधीन लंबित है;

(2) क्या यह बात सही है कि लाल मोहन सिंह के खेत के बगल में छिलका का निर्माण हो जाने से काफी संख्या में अगल-बगल की आबादी लाभान्वित होगी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लाल मोहन सिंह के खेत के बगल में छिलका का निर्माण कराकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन बनाना

*77. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड उरांव टोला बलुआ खरवाटा टोला भेड़मारा एवं खरवार टोला हरि प्रसाद एवं भूंईआं टोला हरि प्रसाद अनुसूचित जन-जाति और महादलित बाहुल्य टोला है जहां सामुदायिक भवन नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त टोला में सामुदायिक भवन निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*78. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड के खरसौता पंचायत के अधीन हासोपाड़ा घाट पर पुल नहीं रहने के कारण खुरियाल, खरसौता, आजमनगर, आलमपुर सहित करीब 80 गांवों की जनता आजमनगर प्रखण्ड मुख्यालय नहीं पहुंच पाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि जनता की कठिनाइयों को देखते हुए उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने हेतु प्रश्नकर्त्ता सदस्य ने वर्ष 2010 में विभाग से अनुरोध किया था जिस पर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हासोपाड़ा घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*79. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली के पातेपुर प्रखण्ड अंतर्गत प्यारेपुर में पुल नहीं होने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार प्यारेपुर में पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूपों को चालू करना

*80. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज, बथनाहा एवं सोनबरसा प्रखण्ड के 95 प्रतिशत नलकूप विगत दस वर्षों से बंद हैं, जिससे किसानों के खेतों का पटवन नहीं हो पा रहा है, यदि हां, तो सरकार कबतक बंद पड़े नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*81. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत नवहट्टा प्रखण्ड के नारायणपुर से लालपुर जाने वाली सड़क का पक्कीकरण नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन बाधित रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*82. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखण्ड के एन०एच० 30 से भोराहीं, उजियारपुर से दावां तक का सड़क कच्ची एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिससे उक्त गांव के ग्रामीण यातायात की सुविधा से वंचित हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*83. श्री प्रो० चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के मधेपुरा प्रखण्ड के भेलवा चौक से घैलाढ़ जाने वाली पक्की सड़क के रतनपुरा दखिणबाड़ी टोला के पहले पुल से पूरब से महादेव टोला के महादलित टोला होते हुए महादेव टोला, बेलहा, संगीतबा होते हुए ईटहरी चौक महादलित टोला तक की सड़क कच्ची है, इससे आमजनों को यातायात में भारी कठिनाइयां होती हैं, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित कच्ची ग्रामीण सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*84. श्री राम लषण राम रमण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखंड की सुगौना उत्तरी पंचायत में लगमा मोइन मुशहरी से सुगौना जाने वाली सड़क चापी बांध में जोगा नदी पर आर०सी०सी० पुल नहीं रहने से आम जनता को कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार जोगानदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*85. श्री जयकुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दावथ प्रखण्ड अंतर्गत बभनोल अड्डा से अमेहता तक पथ की स्थिति अति जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

पक्का भवन बनाना

*86. श्री विक्रम कुँअर--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में इंदिरा आवास के लाभार्थियों के लिए बी0 पी0 एल0 की सूची में नाम होना अनिवार्य माना गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अग्निकाण्ड में जले घरों को भी इंदिरा आवास योजना के तहत पक्का भवन बनाने का सरकार का निर्देश है परन्तु अग्निपीड़ित परिवार को बी0 पी0 एल0 की सूची में नाम नहीं होने के कारण उक्त लाभ से वंचित होना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अग्निकाण्ड से पीड़ित परिवार को पक्का भवन बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बोरिंग को चालू करना

*87. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी प्रखंड के सर्णावाद एवं तेलारी में चार-चार बोरिंग विगत छः वर्षों से बंद होने के कारण किसानों को कृषि कार्य में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों गाँवों के बंद बोरिंग को पुनः चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का पुनः निर्माण

*88. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रामगढ़वा प्रखण्ड (जिला पूर्वी चम्पारण) अंतर्गत एन0 एच0 28ए.से सतपिपरा होते हुए मुशहरी टोला प्रधान मंत्री सड़क तक (लगभग 3 कि0 मी0) सड़क की स्थिति अत्यंत जीर्ण-शीर्ण है जिस कारण आम जनता को यातायात में कष्ट का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित पथ का नव-निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण करना

*89. श्री अजित कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग के अधिसूचना सं0 4574(ई), दिनांक 15 दिसम्बर, 2004 के द्वारा राज्य के 195 पथों को अधिग्रहित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सात वर्ष बीत जाने के बाद भी एक सौ पथों का निर्माण नहीं किया गया है, जबकि उक्त सभी पथ जर्जर स्थिति में है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सात वर्ष पूर्व की अधिसूचना का अनुपालन करते हुए वर्णित पथों का अधिग्रहण एवं निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पक्की सड़क से जोड़ना

*90. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के वारिसलीगंज प्रखण्ड के ग्राम-सुलतानपुर, रामोतार नगर, वलवापर, खैरा, महदवा-वेलदारी, पोखरपुर, जियापुर, टोला-टाडापर, केवल विगहा, राजीव नगर, काशी विगहा, भागलपुर, तुलापुर इत्यादि महादलित टोला सम्पर्क पथविहीन है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त महादलित टोलों को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---------

पईन की सफाई

*91. डॉ0 कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अंतरी प्रखण्ड अन्तर्गत मानर बांध से निकली पईन की सफाई नहीं होने से किसानों के फसल का उत्पादन संतोषजनक ढंग से नहीं हो पा रहा है तथा किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गयी है, यदि हां, तो क्या सरकार मानर बांध पईन की सफाई कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का जीर्णोद्धार

*92. श्री मनोष कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत प्रखण्ड कार्यालय रजौन एवं धोरैया का भवन पूरी तरह जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड कार्यालय का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उड़ाही करना

*93. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा प्रखण्ड के ब्रह्मस्थान गाँव के बाहर सिंचाई हेतु बने पैन की उड़ाही न होने के कारण पानी का बहाव एवं ठहराव बाधित है;

(2) क्या यह बात सही है कि पैन का अलंग क्षतिग्रस्त होने के कारण किसानों की फसल बाढ़ के कारण डूब जाती है और सुखाड़ के कारण बर्बाद हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त पैन की उड़ाही करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का सुदृढ़ीकरण

* 94. श्री हरि नारायण सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हिलसा कार्य प्रमण्डल में चण्डी प्रखण्ड के चण्डी लोक निर्माण पथ से ग्रामीण कार्य पथ थरथरी दोनों प्रखण्ड मुख्यालय को जोड़ती है तथा अति घनी आबादी से गुजरती है;

(2) क्या यह बात सही है कि यह सड़क मरम्मत के अभाव में जर्जर अवस्था में है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ का सुदृढ़ीकरण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों?

--------

सड़क का पक्कीकरण

* 95. श्री संतोष कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत डगरवा प्रखण्ड के रायपुर पंचायत के जनता हाट से महादलित टोला होते हुए नरगढ़ा टोला होते हुए कोचैली तक की सड़क कच्ची है; यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

पथ का निर्माण

* 96. श्री अशोक कुमार यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी प्रखण्ड अन्तर्गत केवटी रैयाम मुरिया पथ, पथ निर्माण विभाग की सड़क है, जो जर्जर स्थिति में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

सड़क बनाना

* 97. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय प्रखण्ड अन्तर्गत कैथ ग्राम से लेकर दमदमा तक की सड़क जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

--------

सिंचाई व्यवस्था करना

* 98. श्री अजय प्रताप--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनो प्रखण्ड में टैना घाट पर बांध बंधवाकर 10 हजार एकड़ जमीन पर सिंचाई हेतु वित्तीय वर्ष 2010-11 में राज्य सरकार द्वारा सर्वे कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दस हजार एकड़ जमीन में विगत् तीन वर्षों से सिंचाई के अभाव में सुखाड़ की स्थिति बनी हुई है, जिससे वहां के किसानों की स्थिति अत्यन्त खराब हो गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार टैना घाट पर कराये गये सर्वे के आधार पर बांध बंधवाकर सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

पुल का निर्माण

* 99. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के तुरकौलिया प्रखण्ड अंतर्गत मंझार ग्राम से तुरकौलिया जाने वाली पथ में मन पर गांधी घाट के सामने आर०सी०सी० पुल निर्माण नहीं होने के कारण आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

पुल का निर्माण

* 100. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखण्ड के सलेमपुर गांव में महंग दास के घर के निकट कोशी शाखा नहर में पुल नहीं होने के कारण आस-पास के ग्रामीणों को जिला एवं प्रखण्ड मुख्यालय आने-जाने में काफी दूरी तय करनी पड़ रही है, यदि हां, तो क्या सरकार कोशी शाखा नहर में उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

कार्रवाई करना

* 101. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को इंदिरा आवास स्वीकृत किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि इंदिरा आवास मिलने में ठगी एवं रिश्वत के कुल 329 मामले पूरे राज्य में वर्ष 2010 में दर्ज हुए हैं लेकिन अभीतक कार्रवाई मात्र 107 में हुई है और शेष 222 मामलों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समाज के निर्धनतम एवं असहाय व्यक्तियों को ठगनेवालों पर दर्ज हुए काण्डों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

पथ का कालीकरण

*102. श्री रामसेवक सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के प्रखण्ड हथुआ के मीरगंज-हथुआ मुख्य पथ से निकलने वाली सड़क जो मठिया ग्राम होते हुए रूपनचक, प्रितम साह का टोला, भोजु खां का टोला को जोड़ते हुए हथुआ-सबैया मुख्य पथ तक जाती है, जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध की मरम्मती

*103. श्रीमती अमला देवी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलांतर्गत त्रिवेणीगंज प्रखण्ड के जदिया सुरसर नदी के दोनों ओर आरंभिक बिन्दु से जदिया पंचायत तक सम्पूर्ण बाँध एवं जदिया पंचायत से मधेपुरा जिला तक दोनों बांध का ड्रेनेज विगत 10 वर्षों से अत्यंत जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाँध एवं ड्रेनेज के जर्जर होने के कारण प्रतिवर्ष फसलों को काफी नुकसान होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाँध एवं ड्रेनेज को मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*104. श्री राम सुरत राय—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई प्रखण्ड मुख्यालय का भवन ध्वस्त हो जाने के कारण कार्यालय के कार्यों को सम्पादित करने में कठिनाई और पदाधिकारी एवं प्रखण्ड कर्मियों को आवासीत होने में काफी दिक्कतें हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ध्वस्त भवन का पुनर्निर्माण हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आहर का जीर्णोद्धार

*105. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावां प्रखण्ड के ग्राम-अडसनिया, मठगुलनी, वडीगुलनी, जम्हरिया, अटारी, दुधैला एवं बेलखुण्डा के हजारों हेक्टेयर जमीन की सिंचाई सितुआ पैन के द्वारा की जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि सितुआ पैन की खुदाई, गाईडवाल का निर्माण एवं संबंधित आहर का अलंग की मरम्मती नहीं होने से विगत 5-6 वर्षों से सिंचाई कार्य बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सितुआ पैन तथा संबंधित आहर का जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*106. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के मसौढ़ी रोड से पाली रोड की स्थिति काफी जर्जर होने के कारण स्थानीय लोगों एवं वाहनों के आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

पथ बनाना

*107. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत विभाग के अधीन अरेराज, संग्रामपुर भाया इन्द्रगाछी-वरियरिया पथ जर्जर एवं क्षतिग्रस्त स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथ में वरियरिया के पास का एक पुल क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस मुख्य पथ को बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*108. डॉ० अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत नवहट्टा प्रखण्ड के बरहारा से डरहार, सीतलीलोता, लालपुर जानेवाली सड़क का पक्कीकरण नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन बाधित रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

खुदाई एवं निर्माण करना

*109. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है नालन्दा जिला के हिलसा प्रखण्ड के रजवा ग्राम में सभी पैन मिट्टी से भर गये हैं तथा तटबंध का नामोनिशान नहीं है, जिसके कारण आदमियों और जानवरों के आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि दो वर्ष पूर्व कझियावां बाँध से कझियावां छिलका होकर ग्राम सनतन विगहा तक उत्तर पूर्वी का निर्माण होने के कारण तटबंध के दक्षिणी भाग में बसे ग्राम रजवा, मिल्की, तारा विगहा, योगिया डिवरी पर तथा रामगढ़ ग्राम के 1300 एकड़ जमीन में फसलों की बर्बादी जल-जमाव के कारण होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम रजवा से कझियावां छिलका तक पैन खुदाई एवं तटबंध निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*110. श्री राज कुमार राय—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखण्ड के 81 नं० रोड में मेढ़ो चौक के आगे तथा मुरली गाँव के पास पुल नहीं है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथों का कालीकरण

*111. श्री छोटे लाल राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड दरियापुर के सुतीहार कटसा पथ से ग्राम हरिहरपुर एवं ग्राम सिसवनी से ग्राम कोढ़िया जाने वाली सड़क कच्ची होने के कारण बरसात के दिनों में लोगों को चलना मुश्किल हो जाता है यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों को कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य कराना

*112. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के सिरदला आदर्श इण्टर उच्च विद्यालय के उत्तर भाग में अनुसूचित जाति बालिका आवासीय विद्यालय का भवन अर्द्धनिर्मित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में वर्ष 2007 से ही निर्माण कार्य हो रहा है जो आजतक पुरा नहीं हो सका हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय के निर्माण कार्य पूरा कर कल्याण विभाग को सौंपने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*113. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखण्ड के ग्राम दामोदरपुर भगवती स्थान से चकबिदुलिया विभूतिचन्द मिश्र के घर तक जर्जर सड़क है, जिससे लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मरम्मती करना

*114. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1954 में सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा प्रखण्ड स्थित भटौलिया-सोनवर्षा गाँव से बाजपट्टी पुपरी प्रखण्ड होते हुए दरभंगा जिला के एकमी घाट तक अधवारा समूह नदी के दोनों तरफ सुरक्षात्मक बांध का निर्माण करके बागमती नदी में मिलाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सुरक्षात्मक बांध की मरम्मती आजतक नहीं होने से प्रत्येक वर्ष प्रलयंकारी बाढ़ से भारी संख्या में जानमाल एवं हजारों एकड़ जमीन में लगी फसल बर्बाद हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सुरक्षात्मक बांध की मरम्मती कराना चाहती हैं, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार करना

*115. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड रामगढ़वा (जिला पूर्वी चम्पारण) अन्तर्गत रामगढ़वा थाना चौक से पीपरपाती घाट तक जानेवाली सड़क में दुबौलिया से पीपरपाती घाट तक 5 कि०मी० तक सड़क अति जीर्ण-शीर्ण एवं जर्जर अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ दो जिला (पूर्वी चम्पारण एवं प० चम्पारण) को जोड़ती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि हजारों की आबादी को उक्त पथ को जीर्ण-शीर्ण होने के कारण घोर कष्ट का सामना करना पड़ता है तथा बरसात में आवागमन बिल्कुल अवरुद्ध हो जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*116. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के देबधा मध्य विद्यालय से मलहरिया मध्य विद्यालय के बीच में एक किलोमीटर का सड़क प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत वर्ष 2010 में बनना था, जो आजतक नहीं बना है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क को जोड़ना

*117. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने वित्तीय वर्ष 2008-09 में ग्रामीण पथों को मुख्य सड़क से जोड़ने का निर्णय लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्णय के आलोक में लखीसराय जिला के हलसी प्रखण्ड अन्तर्गत बकिया सुरारी से बहछा, सिरखिंडी, संढा एवं लालपुर आदि गाँवों के ग्रामीण को मुख्य सड़क तक आने-जाने की सुविधा नहीं है, जिसमें 75 प्रतिशत पिछड़ा, अतिपिछड़ा एवं दलित, महादलित परिवार के लोग रहते है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्णय के अनुसार खण्ड 2 में वर्णित गाँवों को मुख्य सड़क तक जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर पथ का ईंटीकरण करना

*118. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता ने अपने पत्रांक 258, दिनांक 17 मार्च, 2011 द्वारा गोपालगंज जिला के सारण नहर प्रमण्डल भोरे (गोपालगंज) के काजीपुर उप वितरणी के शून्य आर०डी० से तीस आर०डी० तक नहर को ऊँचीकरण करने के संबंध में विभागीय प्रधान सचिव को पत्र लिखा था ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता के उक्त पत्र का विभाग द्वारा न तो उत्तर ही दिया गया, न ही पत्र में वर्णित बिन्दु पर कार्रवाई की गई ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर पथ का ईंटीकरण कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*119. डॉ० श्यामदेव पासवान-–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के फतेहपुर प्रखंड के ग्राम डिहुरी एवं बदरूऑं के पास ठाड़र नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ की मरम्मती

*120. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखंड के झौआराम, ब्रह्मन टोली होते हुए रक्स एवं मठिया, पताही से सिसवा मंगल तक एवं घोड़ासहन प्रखंड के चम्पापुर गिधौना पथ से चम्पापुर मंदिर तक जाने वाली सड़क की स्थिति काफी दयनीय एवं जर्जर अवस्था में रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*121. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखंड का पासोपुर, दामोदरपुर, बसही, चुड़ामन चक पथ गड्ढे में तबदील हो जाने के कारण लोगों का आवागमन बिल्कुल बन्द है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथों का निर्माण

*122. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कोटवा से भाया दरियापुर अरेराज धाम तक जाने वाली पथ से दरियापुर नहर से अरेराज तक ग्रामीण पथ काफी जर्जर हो जाने के कारण आवागमन अवरुद्ध हो गया है,, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

* 123. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा-कटिहार-प्राणपुर राष्ट्रीय उच्च पथ-81 में 28.6वाँ कि०मी० से 30.25 कि०मी० तक सड़क की चौड़ाई मात्र 3 (तीन) मी० है जिससे आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार राष्ट्रीय उच्च पथ-81 के उक्त भाग का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

* 124. श्री कृष्ण कुमार उर्फ मन्टू सिंह-- क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सारण तटबंध के 35.20 कि०मी० से 80 कि०मी० के बीच तटबंध पर पक्की सड़क निर्माण हेतु चार माह पूर्व निविदा निकाली गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि निविदा समिति की बैठक हो जाने के बावजूद भी समय सीमा के अन्दर निविदा निष्पादन नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त निविदा को समय सीमा के अंदर निष्पादित नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

* 125. श्री विरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गया-नवादा मुख्य पथ से मायापुर गाँव के पास से हरली होते हुए बेरका मोड़ तक पथ का निर्माण नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक गया-नवादा पथ में मायापुर गाँव के पास से हरली होते हुए बेरका मोड़ तक पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

* 126. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखंड अन्तर्गत मानोपुर, मोख्तियारपुर पथ एवं भीड स्लूईस गेट से चेरिया पथ अत्यन्त जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का कालीकरण

*127. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड प्रखण्ड के जदुआपट्टी से बेसाढ़ होते हुए चकमका मेन रोड तक सड़क का कालीकरण नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का कालीकरण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई उपलब्ध कराना

*128. श्री जय कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के जयनगरा लक पर हाईडल अवस्थित है और वहाँ से भोजपुर कैनाल निकला है;

(2) क्या यह बात सही है कि हाईडल का टरबाईन चालू होते ही चार सौ क्यूसेक क्षमता वाला भोजपुर कैनाल में दो सौ क्यूसेक पानी कम हो जाने से दावथ तथा सुर्यपुरा प्रखण्ड की हजारों एकड़ भूमि असिंचित रह जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भोजपुर कैनाल में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए उक्त हाईडल के संबंध में कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्लुईस गेट का जीर्णोद्धार

*129. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के हसनपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत करेह नदी में बने सभी स्लुईस गेट जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी स्लुईस गेट के जर्जर होने के कारण किसानों को प्रतिवर्ष सिंचाई एवं जल निकासी में काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्लुईस गेट का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*130. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के गुठनी प्रखण्ड में गुठनी-मैरवा पथ से ग्राम धनवती, झझउर, जमुवाव, मझवलिया नहर होते हुए दरौली-गुठनी मुख्य पथ तक रोड जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस रोड का टेंडर 2006-07 में किया गया तथा अभिकर्त्ता द्वारा कार्य प्रारम्भ किया गया परन्तु आज भी पथ अधूरा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का कालीकरण

*131. श्री राम सुरत राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कटरा प्रखण्ड स्थित ग्राम पिण्डौली से खगुरा एवं चकभगदा होते हुए बुद्धकारा तक 20 वर्षों से मरम्मती नहीं होने के कारण सड़क अस्तित्व विहीन हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का अस्तित्व विहीन हो जाने से स्थानीय लोगों को आवागमन एवं प्रशासन को विधि-व्यवस्था के नियंत्रण में घोर कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का ऊँच्चीकरण एवं कालीकरण करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सिंचाई सुविधा देना

*132. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कोजी-विलासी जलाशय परियोजना चालू अवस्था में है लेकिन शाहकुण्ड प्रखण्ड के किसान उक्त परियोजना के सिंचाई कार्य से वंचित हैं, यदि हां, तो क्या सरकार शाहकुण्ड प्रखण्ड के किसानों को उक्त परियोजना से सिंचाई का लाभ पहुंचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*133. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत समस्तीपुर प्रखण्ड के पंचायत रूप ना० बेला स्थित बेला पंचरूखी पोखर से भाया राम विलास राय का घर, ठाकुरबाड़ी, झींगुर पोखर होते हुए, पुनास-रतनपुरा-रानीटोल सीमान के सामने मुख्य सड़क तक जाने वाली सड़क जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---------

पुल पुलिया का निर्माण

*134. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज से ढेंग जाने वाली सड़क जल दबाव के कारण बाढ़ के समय में बार-बार कट जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग के स्थानीय अभियंता द्वारा जल दबाव वाले आठ स्थलों को चिह्नित कर पुल एवं पुलिया के निर्माण हेतु प्राक्कलन बनाकर विभाग से दो वर्ष पूर्व स्वीकृति मांगी गयी है, परन्तु स्वीकृति के अभाव में अभीतक पुल पुलिया का निर्माण नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मेजरगंज से ढेंग जानेवाली सड़क में चिह्नित स्थलों पर पुल पुलिया के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*135. श्री रामनरेश प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अन्तर्गत रधाउर मोड़ से परीहार प्रखण्ड मुख्यालय तक जानेवाले पथ की लम्बाई 7 कि०मी० है, जो काफी क्षतिग्रस्त है तथा आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*136. श्री रामदेव महतो—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्ड अन्तर्गत बिंदेश्वर स्थान उप-शाखा नहर में काको से विजय जाने वाली पथ पर 34 शाखा नहर के 59 आर०डी० पर वित्तीय वर्ष 2002-03 में एक पुल का निर्माण बिहारशरीफ कन्स्ट्रक्शन, नालंदा द्वारा किया गया है, लेकिन फाउन्डेशन फेलयोर होने के कारण स्लैब टूट कर नीचे गिर चुका है, यदि हां, तो सरकार उक्त टूटे हुए पुल का निर्माण कराते हुए दोषी पदाधिकारी एवं अभिकर्त्ता पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का पुनर्निर्माण

*137. डॉ० उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पालीगंज स्थित पथ निर्माण विभाग का निरीक्षण भवन का भवन एवं चहारदीवारी की स्थिति जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भवन का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नहर की सफाई

*138. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सिधवलिया, बरहिमा, अकाली, नहर रूपनछाप से गोपालपुर, विशुनपुर वितरणी, सिधवलिया वितरणी, ढेभवा उप-वितरणी सरेया नरेन्द्र लघु नहर, रामपुर लघु नहर, गोपालपुर लघु नहर, महम्मदपुर लघु नहर, खजुरिया लघु नहर, सुपौली लघु नहर, शाहपुर लघु नहर, जलालपुर लघु नहर, कबीरपुर लघु नहर, हकाम लघु नहर, कतालपुर लघु नहर के नहरों में पानी नहीं जाने के कारण 10 हजार एकड़ हेक्टेयर भूमि की सिंचाई नहीं हो पाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त सभी कैनालों एवं नहरों की सफाई कराते हुये नहरों में पानी देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*139. श्री रामानन्द राम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय के बखरी प्रखण्ड की चकहमोद पंचायत के मृत बागमती नदी पर अधूरे पुल का पूर्ण निर्माण नहीं होने के कारण करीब 50 हजार जनता इससे प्रभावित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अधूरे पुल को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का कालीकरण

*140. श्री ज्ञानचन्द माँझी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ग्राम बेलवनीया से शिवपुर होते ग्राम लोहड़ा के प्रधान मंत्री सड़क तक एवं एन०एच० 102 से ग्राम मैकी, शैकी होते हुए ग्राम केवानी के प्रधान मंत्री सड़क तक का पथ जर्जर अवस्था में है, जिससे उक्त क्षेत्र के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*141. श्री कृष्णनन्दन यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखण्ड के खिजरसराय-श्रीपुर के सामने फल्गु नदी पर पुल का निर्माण आजतक नहीं हुआ है, जबकि यह पुल दो जिलों एवं कई प्रखण्डों तथा ऐतिहासिक जगह बराबर को जोड़ती है, यदि हां, तो क्या सरकार फल्गु नदी पर खिंजरसराय-श्रीपुर के सामने पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

छात्रावास उपलब्ध कराना

*142. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह—हिन्दी दैनिक समचार में दिनांक 17 नवम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''आठ साल बाद भी शुरू नहीं हुए छात्रावास'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पिछड़ा और अतिपिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए 29 जिलो में में छात्रावास बनाने की योजना वर्ष 2000 में बनी एवं वर्ष 2003-04 में इस कार्य हेतु 1 करोड़ 15 लाख रुपये विमुक्त किया गया और कार्य प्रारंभ हुआ ;

(2) क्या यह बात सही है कि आठ साल बीत जाने के बाद भी महज 4-5 जिलों को छोड़कर शेष जिलों में अभीतक उक्त छात्रावास का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी जिलों में छात्रावास का निर्माण पूर्ण कराते हुए छात्रावास उपलब्ध कराने के लिए कारगर कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुलिया का निर्माण

*143. श्रीमती वीणा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट प्रखण्ड स्थित वरूआरी पंचायत के तेजौल गाँव होते हुए सिंधवारा गाँव तक सड़क जर्जर है एवं पुलिया के अभाव में जल की निकासी नहीं होने से आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पथों की मरम्मती एवं उपर्युक्त स्थान पर पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुल बनवाना

*144. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा विधान-सभा क्षेत्र के सिंघिया से बैड़चौक कुशेश्वरस्थान जाने वाली सड़क के पिपराघाट पर स्क्रू पाइलिंग क्षतिग्रस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल क्षतिग्रस्त हो जाने से ग्रामीण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुल को बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का जीर्णोद्धार

*145. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत सौर बाजार प्रखण्ड के भपटिया से सुहथ कचरा होते हुए विजयपुर चौक तक ग्रामीण कार्य विभाग का पथ वर्ष 2008 के बाढ़ में जर्जर हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुल का निर्माण

*146. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है अररिया जिला अंतर्गत एवी एम सिकटी पथ प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित हो गया है परन्तु इस सड़क में 0.65 कि०मी०, 1.05 कि०मी०, 2.00 कि०मी०, 9.09 कि०मी०, 12.03 कि०मी०, 18.09 कि०मी० में अभी तक टेंडर का निष्पादन नहीं होने के कारण पुल का निर्माण नहीं हो सका है, यदि हां, तो क्या सरकार टेंडर का निष्पादन कराते हुए उक्त सारे स्थानों पर पुल का निर्माण करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई की व्यवस्था

*147. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर विधान-सभा निर्वाचन क्षेत्र में सिंचाई हेतु एक भी नलकूप चालू नहीं है, जिससे वहाँ के किसानों को कृषि कार्य में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित क्षेत्र में सिंचाई की समुचित व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय चालू करना

*148. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत राष्ट्रीय बाल श्रमिक विशेष विद्यालय, माह अगस्त, 11 से बन्द है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय बन्द होने से लगभग पाँच हजार बाल श्रमिक पठन-पाठन एवं आहार से वंचित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को पुनः चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट लगाना

*149. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अंतर्गत बहुआरा पंचायत के मुजेलिया गाँव होकर बहने वाली हरदी नदी में वर्ष 1995 में निर्मित स्लूईस गेट वर्ष 2004 में आयी बाढ़ में ध्वस्त हो गया जिसका पुनर्निर्माण आजतक नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्लूईस गेट का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*150. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय मुख्यालय के अधीन एन०एच० 80, बालगुदर से लखीसराय समाहरणालय तक बाईपास रोड का निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2009-10 में 3.50 करोड़ रु० स्वीकृत किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वीकृति होने के बावजूद भी उक्त सड़क का निर्माण आजतक पूर्ण नहीं हो पाया है जिसके चलते आम नागरिकों को काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पक्कीकरण

* 151. श्री ज्ञानचन्द मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ग्राम-रशीदपुर बारगी टोला से मोती राजपुर होते ग्राम गोहपुर तक एवं छपरा मढ़ौरा मुख्यालय से ग्राम बेलवनीया होते मैंशमारा तक नहर का सम्पर्क पथ कच्ची एवं जर्जर है जिससे उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सम्पर्क पथ का पक्कीकरण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

भवन का निर्माण

* 152. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज को प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय की स्थापना क्रमशः 01 अप्रैल, 1962 एवं 02 अप्रैल,-1965 को हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय का कोई अपना भवन नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो, क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित कार्यालय हेतु भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

पथों का जीर्णोद्धार

* 153. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के मोरंग से ओलीपुर मोना, महिन्दवारा, सुगरीडीह पथ विगत 7 वर्षो से जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

पथ का निर्माण

* 154. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड अंतर्गत अरथुआ से वासर बिगहा, चिरैला होते मथुरापुर तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

पथ का निर्माण

* 155. श्री संजय सिंह ''टाइगर''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिले के संदेश प्रखण्ड में संदेश पवना पथ से घटौली ग्राम तक की 4 कि०मी० पथ की जर्जर स्थिति के कारण आवागमन ठप्प है, जिसके कारण 5000 आबादी प्रभावित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

पथों की मरम्मती

* 156. श्रीमती वीणा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट प्रखण्ड स्थित एन०एच०-57 से सारण मलटोली भाया सकरवाटा होते हुए कमरथु तक सड़क की स्थिति जर्जर रहने से आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पथों की मरम्मती कर आवागमन को चालू करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

आई० टी० आई० खोलना

* 157. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 मार्च, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''उग्रवाद प्रभावित जिलों में खुलेंगे आई० टी० आई०'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में उग्रवाद प्रभावित छ: जिलों में आई० टी० आई० खोलने का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक आई० टी० आई० खोलने हेतु 532.6 लाख रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक, उग्रवाद प्रभावित जिलों में आई० टी० आई० खोलने का विचार रखती है?

--------

दोषी पर कार्रवाई

* 158. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा प्रखण्ड में बी०आर०जी०एफ० (बारहवीं वित्त योजना) अन्तर्गत सौर ऊर्जा की आपूर्ति पंचायत समिति के द्वारा होनी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उसकी निविदा हुई, अधूरा कार्य संपन्न होने के बाद बिना भुगतान किए दूसरे अभिकर्त्ता को ऊँचे दाम पर बिना निविदा रद्द किए बिना ही राशि दे दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

कार्रवाई करना

*159. श्री अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि० के अधीन किशनगंज जिला के खटिया टोली बीरपुर नदी में 214 लाख की लागत से आर०सी०सी० पुल का निर्माण सितम्बर, 2010 में आरंभ किया गया है जिसे 07 जुलाई, 2011 तक पूर्ण करा लिया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के निर्माण में अनियमितता किया जा रहा है, प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल के निर्माण की उच्चस्तरीय जांच करने तथा लापरवाह संवेदक एवं अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवागमन चालू करना

*160. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहियां-तियर सड़क पथ निर्माण विभाग के अधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस सड़क से बक्सर जिलान्तर्गत ब्रह्मपुर प्रखंड के पिपराढ़ तक सम्पर्कित नहीं होने के कारण यहां के लोगों को आवागमन हेतु महज 2-3 कि०मी० की दूरी तय करने के बदले 40 कि०मी० की लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बक्सर जिलान्तर्गत ब्रह्मपुर प्रखंड के पिराढ़ तक बनी सड़क से सम्पर्कित कर आवागमन सुगम बनाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*161. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अंतर्गत बथनाहा-वीरपुर पथ चार महीना पूर्व बनकर तैयार हुआ;

(2) क्या यह बात सही है कि  उक्त पथ में भंगही चौक से वीरपुर पथ की स्थिति जर्जर हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती के साथ-साथ निर्माण में हुए गड़बड़ी की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नहरों की सफाई

*162. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के कटेया लाईन, बिहियां लाईन एवं लहठान राजवाहा नहर की सफाई एवं मरम्मती कार्य विगत पन्द्रह वर्षों से नहीं होने के कारण पानी निचले स्तर तक नहीं पहुंच पाता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नहरों की सफाई एवं मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

*163. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बीरपुर प्रखंड के गेन्हरपुर गनेशी महतो डेरा से बरहरा दूध उत्पादन समिति तक की सड़क काफी जर्जर है, यदि हां, तो सरकार कबतक सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

संवेदक पर कार्रवाई

*164. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिले के तरियाणी प्रखंड में पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क राजाडीह से खोजपुर, खोद्‌ठहां से सुमहुति बाजार, कांटा बाजार से विश्वम्भरपुर सुलतानपुर, सलेमपुर से कोठिया, सुमाहुति से खोद्‌ठहां तथा बेलहियां से सुलतानपुर जाने वाली सड़क में संवेदक द्वारा 10 करोड़ रुपये के विरुद्ध मात्र 20 लाख रुपये का कार्य कराने तथा समय सीमा 2008 बीत जाने के बावजूद भी आजतक सड़क निर्माण का कार्य अधूरा है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*165. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड को जयनगर अनुमंडल मुख्यालय को जोड़ने वाली भाया मेहतर पट्टी-सिलकोर-वैरा पथ जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण 50 हजार की आबादी के लोगों का आवागमन विगत दस वर्षों से अवरुद्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क अवरुद्ध रहने से वहां के लोगों को अनुमंडल मुख्यालय जाने के लिए 20 कि०मी० अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुर्नस्थापित करना

*166. डॉ० रण विजय कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह विधान-सभा क्षेत्र में सोन उच्चस्तरीय नहर से निकलनेवाली सभी वितरणीया क्रमशः सोनवर्षा, दुलारचक, निरपुर, भगौतीपुर, माली एवं कोचहासा तथा इनसे निःसृत सभी उप-वितरणीया पूर्णतः ध्वस्त हो चुकी है;

(2) क्या यह बात सही है कि दुलारचक माईनर में मुंजहद्दा के पास नहर को समतल करके खलिहान बना है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त सभी वितरणीयों एवं उप-वितरणीयों को पुर्नस्थापित कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

*167. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर महानंदा नदी के कारण दो भागों में बंट गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी पर पुल नहीं रहने के कारण रोहिया, अरिहाना, वैरिया एवं सिंघौल पंचायत के आम जनता को आजमनगर प्रखण्ड जाने में काफी कठिनाई हो गयी है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी पर पुल के निर्माण हेतु प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा वर्ष 2010 में विभाग से अनुरोध किया जा चुका है, परन्तु आजतक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रोहिया से आजमनगर के बीच महानंदा नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नहर का पक्कीकरण

*168. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सासाराम जिला के सोन उच्चस्तरीय नहर जी०टी० रोड बेदा से शिवसागर प्रखण्ड के दक्षिणी क्षेत्र होते हुए चेनारी तक जाता है जो उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस नहर के पक्कीकरण के अभाव में ग्रामीणों के आवागमन में असुविधा होती है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर को (0 से 175 आर०डी०) डिहरी से चेनारी तक का पक्कीकरण हेतु 10 करोड़ 50 लाख का निविदा दिनांक 21 जुलाई, 2006, 20 नवम्बर, 2006 एवं 18 दिसम्बर, 2006 को निकालने के बाद भी कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोन उच्चस्तरीय नहर को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुल बनवाना

*169. श्रीमती अमला देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखण्ड के कोरियापट्टी पश्चिम ईदगाह घाट पर पुल नहीं है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल बनवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुलों का निर्माण

*170. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सोमनाहा-बिरौली घाट, कांकर घाट, हथौड़ी घाट पर पुल निर्माण वर्ष 2010-11 में प्रस्तावित है, परन्तु अबतक निर्माण नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुलों का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड्क का जीर्णोद्धार

*171. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत कोकिला चौक से एस०एच० 75 तक लगभग 5 कि०मी० की सड्क बाढ़ से पूर्णत: क्षतिग्रस्त एवं कट गई है जिससे उक्त पथ पर वाहनों का चलना अवरुद्ध हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड्क का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड्क का निर्माण

*172. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत आमस प्रखण्ड में जी०टी० रोड ताराडीह से पहाड्पुर भाया रामपुर सड्क की दूरी 3 कि०मी० है, जो जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड्क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*173. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी प्रखण्ड कार्यालय भवन एवं आवासीय भवन बिल्कुल ही जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार प्रखण्ड कार्यालय भवन एवं आवासीय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विस्थापितों का पुनर्वास

*174. श्री मोती लाल प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सुपी प्रखण्ड के रामपुर कंठ ग्राम का बांध 2007 में आए भयंकर बाढ़ के कटाव से टूट गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बाढ़ के कटाव से हुए गांव की जमीन गहरा (लो लैंड) हो गया जिससे पूरी आबादी को विस्थापित होना पड़ गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कटाव वाली जमीन में मिट्टी की भरायी कर विस्थापितों को पुन: अपने भूमि पर बसाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कटाव से बचाव

* 175. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ प्रखंड स्थित खोजा ग्राम पंचायत के प्रा० वि० विष्णुपुर एवं प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, खोजा के प्रांगण में भवन में त्रिशुला नदी का कटाव जारी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों के प्रांगण एवं भवनों को कटाव से बचाने हेतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के भवनों को कटाव से बचाव हेतु कौन-सी कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

* 176. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत मनीगाछी एवं सदर प्रखंड के दहौड़ा ग्राम में पी०डब्लू०डी० सड़क से विक्रमपुर होते हुए एन०एच० 57 तक तथा सकड़ी, मोहन, बड़ियाम से कन्हौली होते हुए भाल पट्टी, खराज तक जाने वाली सड़क विगत दस वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कें मधुबनी एवं दरभंगा जिला को जोड़ने वाली सड़कें हैं तथा सड़क नहीं बनने से आम जनता को यातायात में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़कों का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

* 177. श्री शशीभूषण हजारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा और दरभंगा जिले के पचास लाख की आबादी को राज्य उच्च पथ से जोड़ने के लिए गंडौल से बिरौल 13 कि०मी० सड़क निर्माण का सर्वेक्षण कंसलटिंग इन्जीनियर्स सर्वीसेज, नई दिल्ली के द्वारा किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि (सहरसा) गंडौल से बिरौल, दरभंगा तक प्रस्तावित 13 कि०मी० सड़क का मार्ग रेखण रिपोर्ट पथ निर्माण विभाग में अग्रेतर कार्यवाही हेतु एक वर्ष से लंबित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गंडौल से बिरौल तक उच्च पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की कालीकरण

* 178. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1)क्या यह बात सही है कि मधेपुर जिलान्तर्गत कुमार खंड के सुपौल वितरणी नहर के पूर्व भाग होते हुए लक्ष्मीनिया गजेन्द्र यादव के घर होते हुए भतनी हाट तक का सड़क कालीकरण नहीं किया गया है, जिससे आवागमन बाधित रहता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का कालीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कटाव रोकना

*179. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के बिहपुर विधान सभा अन्तर्गत कोशी नदी के भीषण कटाव से खरीक प्रखंड में भवनपुरा पंचायत बुरी तरह प्रभावित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में कोशी नदी के तेज पानी के कटाव से अतिपिछड़ा का गाँव मैचा एवं रतनपुरा कटने के कगार पर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कटाव पीड़ित गाँव को सुरक्षित करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*180. श्री छोटेलाल राय-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखंड दरियापुर के ग्राम डेरनी एवं नया कोदिया के बीच में माही नदी पर पुल के अभाव में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार डेरनी एवं नया कोदिया के बीच माही नदी पर पुल निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों का निर्माण

*181. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा प्रखंड के छपरा-मढ़ौरा मुख्य पथ में शिल्हौड़ी पूरब टोला से नदी किनारे तक, छपरा सत्तरघाट रोड में ग्राम गौड़ा शिव मंदिर होते हुए अगहरा पोखरा तक, ग्राम रेपुरा कंठा बाबा के मोड़ से ननफर ग्राम तक, बरदहियाँ हाई स्कूल से पिपरपाती ग्राम तक सड़क निर्माण नहीं होने से वहाँ के निवासियों को सालों भर आवागमन की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सभी ग्रामीण सड़कों के निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप चालू करना

*182. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिले के बहादुरपुर प्रखंड अन्तर्गत पिड़री, घोरघट्टा, पुरखोपट्टी, मनौरा, रामभद्रपुर, उधरा, देकुली, वाजितपुर गाँव स्थित राजकीय नलकूप विभिन्न दोषों से ग्रसित रहने के कारण बन्द है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त राजकीय नलकूप विगत 10 वर्षों से बंद रहने के कारण स्थानीय किसानों को सिंचाई में काफी असुविधा हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त राजकीय नलकूप को चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

योजना लागू करना

*183. श्री सुबोध राय--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 19 अक्तुबर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''घायल प्रवासी मजदूरों को भी अनुदान'' के आलोक में क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मजदूरों की मौत पर आश्रित को एक लाख रुपये अनुदान घायल पूर्ण अपंगता पर 75,000 रुपये और आंशिक अपंगता पर 37,500 रुपये अनुदान का प्रावधान किया गया है, यदि हां, तो सरकार प्रवासी दुर्घटना अनुदान योजना का कार्यरूप कबतक लागू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का जीर्णोद्धार

*184. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अंतर्गत भागीडीह में कटाव पीड़ित विस्थापित महादलित परिवार के लोग बस रहे हैं, जहां एक अर्द्धनिर्मित सामुदायिक भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में विद्यमान है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*185. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज से डुमरांव होते हुए नया भोजपुर तक राज्य पथ काफी जर्जरावस्था में होने के कारण आवागमन में काफी असुविधा होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विसंगती दूर करना

*186. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 8 नवम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''कानून पढ़े नहीं, लगा रहे कोर्ट'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में ग्रामीण विकास सेवा के अधीन 147 पद कार्यपालक दंडाधिकारी के रूप में अधिसूचित है, जिस पर सुपरवाइजरी सेवाओं के लोगों को पदस्थापित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में उक्त पदाधिकारी द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144, 145, 107 आदि के मामलों की सुनवाई की जाती है, जिसके बारे में न तो उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है न ही उनके द्वारा इससे संबंधित परीक्षा ही पास किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस प्रकार के विसंगतियों को दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*187. श्री रत्नेश सादा-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखण्ड सोनवर्षा के मंगला बाजार से महुआ बाजार तक वित्तीय वर्ष 2010-11 में मुख्यमंत्री सड़क योजना अन्तर्गत सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति दी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि योजना स्वीकृत होने के बावजूद आजतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ जिसके कारण आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मंगला बाजार से महुआ बाजार तक सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़कों का पुनर्निर्माण

*188. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मांझा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम आलापुर पुल से बैकुन्ठपुर होते हुए ग्राम बंगरा पीच रोड तक तथा ग्राम भगवानपुर पीच रोड से लोहीजिरा होते हुए मांझा मारवां टोला तक जाने वाली पुरानी आर0 ई0ओ0 सड़क काफी क्षतिग्रस्त हो गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त दोनों जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कैनाल का पक्कीकरण

*189. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रजौली विधान-सभा के फुलवरिया जलाशय, डैम का मुख्य कैनाल कच्ची अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि डैम से पानी छोड़ने के बाद मुख्य कैनाल कई जगहों पर टूट जाता है जिससे पानी बर्बाद हो जाता है जिसके कारण स्थानीय किसानों को सिंचाई करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्य कैनाल को पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू करना

*190. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखण्ड के बलहा-1, नगरपारा, आशाटोल, भ्रमरपुर बलहा, गनौल-1, गनौल-2, रायपुर कुशहा एवं मधुरापुर गांव का स्टेट ट्यूबवेल बिहपुर प्रखण्ड के झंडापुर-2, बभनगामा, अमरपुर, सोनवर्षा, दयालपुर, मड़वा-1, मड़वा-2, हरिओ, धर्मपुररत्ती-1, धर्मपुररत्ती-2 एवं धुर्मपुररत्ती-3 गांव का स्टेट ट्यूबवेल एवं खरीक प्रखण्ड अन्तर्गत तेलघी-1, 2, 3, गोटखरीक, ढोढ़िया-1, चोरहर-2, तुलसीपुर, कालूचक, बहतरा-1, बलहा-2, कमोमचक, दादपुर एवं कालूचक विश्वपुरिया गांव का स्टेट ट्यूबवेल 1993 से खराब है जिससे उक्त सभी प्रखण्डों में कृषि कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बन्द नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*191. श्री संजय सिंह "टाइगर"--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गंगा पर छपरा से आरा को जोड़ने वाला पुल को कोईलवर फोरलेन से जोड़ने के लिए बबुरा से कोईलवर अधिसूचित क्षेत्र में बसी हुई घनी आबादी के बीचोबीच होते हुए जोड़ने का मार्ग निर्धारित हुआ है, जिसके कारण हजारों लोगों का मकान ध्वस्त होंगे, साथ ही भारी आबादी को विस्थापित होने का दंश भी भोगना पड़ेगा, यदि हां, तो क्या सरकार हजारों लोगों को विस्थापित होने से बचाने के उद्देश्य से मैदानी इलाकों से वैकल्पिक पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*192. श्री पद्मपराग राय वेणु--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखण्ड अन्तर्गत मौजा घोड़ाघाट के सरस्वती मंदिर के पास से चिकनी, फकीरना जाने वाली ग्रामीण सड़क का निर्माण आजादी के बाद आजतक नहीं कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क निर्माण नहीं होने के कारण यह इलाका आज भी बहुत पिछड़ा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

राशि की जानकारी

*193. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पंचदश् बिहार विधान-सभा के द्वितीय सत्र में विभागीय बजट से गोपालगंज जिला के 127 विधान-सभा क्षेत्र के लिए आवंटित विभागीय राशि की जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रश्नकर्त्ता ने अपने पत्रांक 269, दिनांक 30 मार्च, 2011 द्वारा विभागीय प्रधान सचिव को पत्र लिखा था;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं की जानकारी आजतक विभाग द्वारा प्राप्त नहीं कराई गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रश्नकर्त्ता के उपरोक्त पत्र में वर्णित बिन्दुओं की जानकारी देना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रखंड कार्यालय का निर्माण

*194. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सीतामढ़ी बाजपट्टी नानपुर एवं बोखड़ा प्रखण्डों में प्रखण्ड कार्यालय का कार्य विगत 10 वर्षों से अन्यत्र चलने के कारण आम जनता को काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड कार्यालय अन्यत्र भवन में चलने के कारण कार्यालय के अभिलेख को सुरक्षित ढंग से रखने में पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण को अत्यधिक कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों के प्रखण्ड कार्यालय निर्माण हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य प्रमंडल बनाना

*195. श्री राणा गंगेश्वर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा कार्य प्रमण्डलों का पुनर्गठन विगत छः माह पूर्व से प्रस्तावित है;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला में वर्तमान में दो कार्य प्रमण्डल समस्तीपुर में एवं दो कार्य प्रमण्डल रोसड़ा में है;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में मोहिउद्दीननगर विधान-सभा क्षेत्र का दो प्रखण्ड समस्तीपुर कार्य प्रमण्डल में एवं एक प्रखण्ड कार्य प्रमण्डल-रोसड़ा में है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनता के हित में मोहिउद्दीननगर में एक नया कार्य प्रमण्डल बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----------

ट्यूबवेल चालू करना

*196. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दियवारा प्रखण्डन्तर्गत ग्राम-आमी में किसानों की सिंचाई सुविधा हेतु ट्यूबवेल की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है, जो पन्द्रह वर्षों से बंद पड़ा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े ट्यूबवेल चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुनर्निर्माण कराना

*197. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के कतरीसराय प्रखण्ड के ग्राम मैरा के दक्षिण तरफ वर्ष 1967 में छिलका का निर्माण किया गया था, जो मुंशी पइन के नाम से जाना जाता है, जिससे वहां 05 (पांच) हजार एकड़ जमीन की सिंचाई हो रही थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छिलका विगत् 08 (आठ) वर्ष पूर्व ही ध्वस्त हो चुका है, जिसकी वजह से वहां उक्त वर्णित जमीन की सिंचाई व्यवस्था खत्म हो गई है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वहां छिलका का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्यूबवेल चालू करना

*198. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दुर्गावती प्रखण्ड के अन्तर्गत इसड़ी गांव के ट्यूबवेल कई वर्षों से बंद पड़ा है जिससे किसानों की सिंचाई बाधित होती है, यदि हां, तो सरकार उक्त बंद पड़े ट्यूबवेल को कबतक, चालू कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

प्रमाण-पत्र देना

*199. श्री हरि नारायण सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क चण्डी लोक निर्माण विभाग सड़क से थरथरी (6 कि०मी०), एन०एच० 30ए के जैतीपुर से राजाबाद (13 कि०मी०) तथा नगरनौसा प्रखंड के एन०एच० 30ए के रामघाट से लोहण्डा (13 कि०मी०) की महत्ता को देखते हुए पथ निर्माण विभाग के द्वारा एक वर्ष पूर्व अधिग्रहण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों को पथ निर्माण विभाग में लेने हेतु ग्रामीण कार्य विभाग से अभीतक अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं दिये जाने के कारण एतद् संबंधी अग्रेतर कार्रवाई अवरुद्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन पथों का अनापत्ति प्रमाण-पत्र देने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उड़ाही करना

*200. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा प्रखण्ड ग्राम असोईया, तकिना में अवस्थित पनवे नाला जिससे सिंचाई कार्य एवं जल निकासी किया जाता है, गाद भर जाने से कृषि कार्य बाधित है,यदि हां, तो क्या सरकार पनवे "पईन" की उड़ाही कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विसंगति दूर करना

*201. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1979 में नियुक्त डिप्लोमाधारी अभियंता को वर्ष 2003 में कार्यपालक अभियंता का वेतनमान तथा डिग्रीधारी अभियंता को अधीक्षण अभियंता का वेतनमान का ए०सी०पी० लाभ देकर योग्यता का अंतर रखा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1979 के डिप्लोमाधारी को वर्ष1984-85 में डिग्रीधारण के फलस्वरूप विभागीय प्रतिक्रिया में विलम्ब से 1987 में नवनियुक्त डिग्रीधारी से वरीय घोषित करने के बाद भी नवनियुक्त को वर्ष 1999 से तथा पूर्व को वर्ष 2003 से ए०सी०पी० का लाभ देकर विसंगति पैदा की गई है;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1979 में डिप्लोमाधारी को तथा वर्ष 1979 में डिप्लोमा एवं वर्ष 1984-85 में डिग्रीधारी को भी वर्ष 2003 में एक समान ए०सी०पी० कार्यपालक अभियंता का वेतनमान देकर योग्यता का अंतर समाप्त कर दिया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोहरी नीति, विसंगति समाप्त कर योग्यता का अंतर रखना चाहती है, हां, तो कबतक ?

--------

सिंचाई सुविधा देना

*202. श्री जर्नादन माँझी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान-सभा के शम्भूगंज प्रखंड के बडुआ नदी में गोइढ़ा के पास चेक डैम नहीं होने से छः पंचायत

को पटवन की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नदी में चेक डैम का निर्माण कराकर उपरोक्त छः पंचायतों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*203. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबू बरही प्रखंड स्थित बाबू बरही बाजार में पंजाब नेशनल बैंक तक 500 मीटर सड़क पक्कीकरण नहीं रहने के कारण उपभोक्ताओं को बैंक स्थान पर आने-जाने में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नहर को जोड़ना

*204. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत खुर्थाबाद माइनर को जगजीवन माइनर मुरादाबाद में नदी जोड़ने से मोरसराय, कुम्हउन, रोझई, पहाड़पुर, टेकारी, खुर्थाबाद के गाँवों को सिंचाई हेतु जलापूर्ति में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त माइनर को जगजीवन नहर लेन में जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*205. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत स्थित मंडल कारा में वित्तीय वर्ष 2007-08 में 8 बैरक एवं किचन शेड के निर्माण हेतु राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति दी गई थी, जिसे वित्तीय वर्ष 2009-10 में पूरा किया जाना था, जो आजतक अधूरा पड़ा हुआ है, यदि हां, तो सरकार इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अभियंता एवं संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कबतक बैरक एवं किचन शेड तैयार कराकर मंडल कारा, मुंगेर को सौंपने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कटाव रोकना

*206. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा प्रखंड के भगवानपुर चक्की, ताजपुर, अयोध्या ग्राम समेत मुंगेर तटबंध गंगा नदी के कटाव से गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा कटाव निरोधक कार्य आंशिक रूप से कराया गया जो प्रभावी नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भगवान चक्की से अयोध्या (कर्बला) तक गंगा नदी के कटाव को रोकने हेतु कौन-सा कदम उठाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

छिलका का निर्माण

*207. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिन्द प्रखण्ड के ग्राम विशुनपुर के पास गोइठवा नदी पर वर्ष 1970 में छिलका का निर्माण किया गया था, जो विगत 15 (पन्द्रह) वर्षों से ध्वस्त हो गया है, जिससे वहां के किसान प्रभावित हो रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छिलका से वहां पर 05 (पाँच) हजार एकड़ जमीन की सिंचाई हो रही थी;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ध्वस्त छिलका का पुनर्निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*208. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत चेई नवादा के पास महथान विगहा के पास मदार नदी पर पुल नहीं रहने से आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़कों का पक्कीकरण

*209. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्डान्तर्गत (1) पौआखाली-मौजाबाड़ी पी०डब्ल्०डी० रोड से गोगरिया तक भाया उत्तर भौलमारा (2) एल०आर०पी० रोड, भोगडाबर कलभर्ट से दुल्लैगांव एस०एस०बी० कैम्प तक (3) एल० आर० पी० रोड, नूरी चौक से माटीखुरा, काशीबाड़ी होते हुए अण्डाबाड़ी तक एवं दिघल बैंक प्रखण्डान्तर्गत (1) पदमपुरहाट (मदरसाहाट) से गरबनडांगा भाया तालबाड़ी, टंगटंगी जाने वाली सड़क जर्जर स्थिति में है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू कराना

*210. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बाल्मीकि नगर विधान-सभा के क्षेत्राधीन प्रखण्ड बगहा-2 में सेमरा-मैडरौल ग्राम पंचायत के बंगाली कॉलोनी के पास पीच रोड बनने से (दोन कैनाल) से निकलने वाले माईनर इरीगेशन का नाला बन्द हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटवन वाले नाले के बन्द हो जाने के कारण ग्राम-सेमरा, भवानी टोला, डढ़िया मुसहर टोली आदि गाँवों के खेतों में पटवन (सिंचाई) कार्य बन्द हो गया है, जिसके चलते कृषि व्यवस्था चौपट हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में सिंचाई व्यवस्था को चालू कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*211. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पंडौल प्रखण्ड अन्तर्गत पंडौल से रामपट्टी जाने वाली सड़क में पंडौल गुमटी से सरहद चौक तक की सड़क पूर्णतः ध्वस्त हो गयी है जिसके कारण आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

तालाब की सफाई

*212 श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 31 अक्टूबर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''बभनदेई तालाब की अबतक नहीं हुई सफाई'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित 51 एकड़ रकबा का बभनदेई तालाब 20 वर्षों से सफाई नहीं होने के कारण जलकुम्भी से पटा हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उस तालाब की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुख्य सड़क से जोड़ना

*213. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आजादी के साठ वर्षों के बाद भी खगड़िया जिलान्तर्गत एन०एच० 31 से पसराहा, बजरंगवली स्थान, देवथा, पैकांत, वीरवास, करौठआ, नवटोलिया एवं झीमरी आदि स्थानों को सड़क से नहीं जोड़ा जा सका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के निर्माण हेतु स्थानीय जनता द्वारा वर्ष 2009 में विभाग से अनुरोध किया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों को एन०एच० 31 से जोड़ना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भुगतान करना

*214. श्री राणा गंगेश्वर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोहिउद्दीननगर प्रखण्ड अन्तर्गत रासपुर पतसिया पूर्व पंचायत में योजना सं० 22/05-06 काम के लिए अनाज योजना का अंतिम कार्य पूर्व में हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि काम के बदले अनाज योजना बदल जाने के कारण अंतिम नापी के बावजूद भुगतान नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार काम किए मजदूरों के बकाया भुगतान का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*215. श्री पद्मपराग राय वेणु--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखण्ड अन्तर्गत डोम बाँध में पिपरा घाट के परमान नदी में पुल नहीं बनने के कारण कुर्साकांटा प्रखण्ड एवं फारबिसगंज प्रखण्ड के लोगों को 70 कि0 मी0 घुमकर अररिया होते हुए आना-जाना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पुल के बन जाने से कुर्साकांटा प्रखण्ड मुख्यालय एवं फारबिसगंज प्रखण्ड मुख्यालय की दूरी सिर्फ 18 कि0 मी0 हो जायेगा;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पिपरा घाट के परमान नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*216. डॉ0 अच्युतानंद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के जन्दाहा प्रखण्ड अंतर्गत इमली चौक गरांही से हुदहुदपुर कमालपुर होते हुए एन0 एच0 103 बमनी चौक तक जाने वाली सड़क जर्जर है जिससे इस क्षेत्र की जनता को आवागमन में भारी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सिंचाई कार्य कराना

*217. श्री राम लषण राम रमण--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखण्ड की शिविपट्टी पंचायत के मधुबनी टोल मुशहरी, मैरन टोल तथा बलहा टोल में राजकीय नलकूप दस वर्ष पूर्व बनकर तैयार हुआ परन्तु अबतक सिंचाई कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, इसका क्या औचित्य है ?

----------

पुल का निर्माण

*218. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला अन्तर्गत बैसा प्रखण्ड के चन्नीधार में पुल नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि चन्नीधार में पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तटबंध की मरम्मती

*219. श्री अशोक कुमार यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंघवारा प्रखण्ड अन्तर्गत बिसम्भरपुर सीमा से पिण्डारूच सीमा तक बागमती नदी का पश्चिमी तटबंध ध्वस्त हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तटबंध के ध्वस्त हो जाने के कारण बाढ़ के समय हजारों एकड़ में लगे फसल एवं जान-माल का नुकसान होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तटबंध की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुलों का निर्माण

*220. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के धमदाहा प्रखण्ड अधीन नासीटोला धार तथा के0 नगर प्रखण्ड अन्तर्गत चपिया धार एवं मोगलाहा धार (प्रसादपुर) में पुल निर्माण के अभाव में आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के निर्माण नहीं होने के कारण बरसात के समय इस क्षेत्र के दलित, आदिवासी, अतिपिछड़ी बाहुल्य जनता का सम्पर्क मुख्य पथ से कट जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त तीनों पुलों का निर्माण का विचार रखती है ?

---------

कटावरोधी कार्य करना

*221. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला स्थित सदर प्रखण्ड मुंगेर के अंतर्गत सीताकुण्डडीह गाँव में सीताकुण्ड नाला से श्री तारणी यादव के घर तक गंगा से भयंकर कटाव विगत 3 वर्षों से होने की वजह से सीताकुण्डडीह गाँव का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है तथा उक्त वर्णित गाँवों में लगातार गंगा के कटाव की वजह से ग्रामीण लोग अत्यन्त ही भयभीत हैं, यदि हां, तो क्या सरकार सीताकुण्डडीह के ग्रामीणों की रक्षा हेतु कटाव निरोधक (बोल्डर पीचिंग) की व्यवस्था यथाशीघ्र करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुलों का निर्माण

*222. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सौर बाजार प्रखण्ड के भपटिया से सुहथ कचरा होते हुए विजयपुर चौक तक जाने वाली सड़क में सुहथ गाँव के नजदीक अवस्थित पुल एवं कचरा गाँव के पास अवस्थित पुल 2008 की बाढ़ में ध्वस्त हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों पुलों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 223. डॉ० इजहार अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखण्ड के बिरौल-रजवा ग्यारी होते हुए एवं गौड़ा-बौराम प्रखण्ड के गौड़ा मानसिंह-खलवारा होते हुए कमला के पश्चिम तटबंध तक सड़क नहीं रहने से आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

सड़क का निर्माण

* 224. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री सचिवालय के संदर्भ सं० 1403111273—1403111302 के द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दरभंगा को त्वरित कार्रवाई करने के संबंध में निर्देशित किया गया था तथा शीर्ष प्राथमिकता देने की बात कही गयी थी;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त संदर्भ में निर्देशित सड़क निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

कॉलेज खोलना

* 225. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बेनीपुर, बिरौल एवं बहेड़ी प्रखण्ड में एक भी आई०टी०आई० कॉलेज नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी स्थानों पर एक-एक सरकारी आई०टी०आई० कॉलेज खुलवाने हेतु विभागीय मंत्री के पत्रांक स०प्रे०स० 196, दिनांक 30 मार्च, 2011 के द्वारा विभागीय प्रधान सचिव को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया था;

(3) क्या यह बात सही है कि नौ महीना बीत जाने के बाद भी सरकारी आई०टी०आई० कॉलेज खोलने के संदर्भ में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तीनों स्थलों पर सरकारी आई०टी०आई० कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

स्लुईस गेट लगाना

* 226. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत केसरिया में राधवा नाला द्वारा बारिश के पानी को गंडक नदी में ले जाने के लिए सुन्दरापुर में नदी के बांध पर स्लुईस गेट बनाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्लुईस गेट से दक्षिण नदी में गिरने वाला नाला काफी ऊँचा तथा गाद से भर जाने के कारण नदी में पानी न जाकर कृषि योग्य भूमि में फैल जाने से कृषि फसल को काफी क्षति होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्लुईस गेट से नदी के तरफ नाला की सफाई कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

सड़क का निर्माण

* 227. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत चलना मोड़ से खड़हरा पथ बिल्कुल जर्जर है, जो बिहार को झारखंड से जोड़ने वाली मुख्य सम्पर्क पथ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

पदाधिकारी पर कार्रवाई

* 228. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता द्वारा अपने ऐच्छिक कोष से अनुशंसित योजनाओं के कार्यान्वयन की जानकारी उप-विकास आयुक्त, भोजपुर से पत्रांक 611/2010, दिनांक 10 मार्च, 2010, पत्रांक 667/10, दिनांक 07 जून, 2010, पत्रांक 692/10, दिनांक 19 जुलाई, 2010 तथा पत्रांक 732/10, दिनांक 8 अक्तूबर, 2010 से मांगी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि जानकारी न मिलने पर प्रश्नकर्त्ता द्वारा पत्रांक 188/11, दिनांक 19 जुलाई, 2011 से मुख्य सचिव को अवगत कराया गया था, जिसपर मुख्य सचिव के आदेश के आलोक मे अवर-सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पत्रांक 15260, दिनांक 23 सितम्बर, 2011 से उप-विकास आयुक्त, भोजपुर को जानकारी उपलब्ध कराने हेतु लिखने के बावजूद आजतक प्रश्नकर्त्ता को जानकारी अनुपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मुख्य सचिव के परिपत्र एवं वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना करनेवाले उक्त पदाधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है?

-------

मानदेय का भुगतान

* 229. श्री राहुल कुमार--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में पंचायत प्रतिनिधियों को मानदेय दिये जाने के प्रावधान के बावजूद जहानाबाद जिले के पंचायत प्रतिनिधियों को वित्तीय वर्ष 2010-11 और 2011-12 में मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, है, यदि हां, तो क्या सरकार जहानाबाद जिले के पंचायत प्रतिनिधियों को मानदेय का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

-------

पुल का निर्माण

* 230. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्डान्तर्गत चेनगंज तथा मदारगाछी के मध्य, पावर हाऊस तथा धूमगढ़ के मध्य झपरतल के पास, माटीखुरा तथा काशीबाड़ी के मध्य आर०सी०सी० पुल नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन काफी कठिन हो जाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थानों पर आर०सी०सी० पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

सफाई कराना

* 231. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड गौनाहा के भिखनाठोरी स्थित पंडई नदी का बेड बालू एवं छोटे पत्थरों से भर जाने के कारण प्रति वर्ष कैरी, बोटगाँव, विशुनपुरवा, बलबल, महाजोगीन, दोमाठ गाँव बाढ़ से प्रभावित होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के बेड की सफाई करा देने से प्रतिवर्ष बाढ़ से होने वाली क्षति को काफी हद तक रोका जा सकता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रतिवर्ष बाढ़ से होने वाली बर्बादी रोकने हेतु उक्त नदी के बेड की पूर्णतया सफाई कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

* 232. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करेल से पूरा कोठी रोड की स्थिति काफी जर्जर होने के कारण स्थानीय लोगों एवं वाहनों के आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

--------

कटाव से बचाव

* 233. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के दरौली प्रखंड के ग्राम डुमरहर ,केवटलिया, अमरपुर में घाघरा नदी के दबाव के कारण कटाव जारों पर है जिसकी सूचना दरौली अंचलाधिकारी द्वारा पूर्व में तथा 02 जुलाई, 2011 को जिला पदाधिकारी को दी गई जिसपर अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की कई है, यदि हां, तो क्या सरकार सीवान जिला के इन गाँवों को कटाव से बचाना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बांध बनाना

* 234. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1)क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत एन०एच० 57 से पश्चिम डुमरिया से बोरहा सीमा तक की आबादी 3000 है ;

(2)क्या यह बात सही है कि एन०एच० 57 से बोरहा सीमा तक सुरक्षा बांध नहीं रहने से उक्त आबादी बाढ़ के समय दूसरे जगह जाकर शरण लेते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एन०एच० 57 से बोरहा तक सुरक्षा बांध बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

* 235. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के भरगामा प्रखंड अन्तर्गत मुरलिया चौक रमना टोला से मध्य विद्यालय, जयनगर तक का ग्रामीण पथ क्षतिग्रस्त है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

* 236. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखंड के खोखसाहा से कल्याणपुर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क को बीच में ही मोड़ कर रामबली राय के घर से होते हुए भाया समर्था कराया जा रहा है, जिस कारण कल्याणपुर बाजार पहुंचने में लागों को कठिनाई होगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कल्याणपुर बाजार तक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू कराना

* 237. श्री संतोष कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड एवं डगरवा प्रखंड में गाड़े गये नलकूप 5 वर्षों से बंद पड़ा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में बंद पड़े नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल की मरम्मती

* 238. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी, नावकोठी एवं गढ़पुरा के तीन मोहानी के भुईधारा पुल विगत 10 वर्षों से ध्वस्त है जिसके चलते वहां की जनता को जिला मुख्यालय जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार भुईधारा पुल की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*239. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर-बेलसंड रोड विगत 2 वर्षों से जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पईन का जीर्णोद्धार

*240. डॉ० श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के फतेहपुर प्रखण्ड अन्तर्गत हदहदवा पईन का जीर्णोद्धार कार्य विगत 25 वर्षों से नहीं होने के कारण इसकी स्थिति जीर्ण-शीर्ण हो गई है, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*241. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआंव प्रखण्ड के संदेश सहार रोड में नोनउर पुल से लटियरगंज होते हुए करवासिन तक लगभग 2 कि०मी० सड़क 10 वर्षों से अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे वाहनों का आवागमन बाधित होता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*242. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री सेतु निर्माण योजना के तहत् वित्तीय वर्ष 2010-11 में पटना के ट्रांसपोर्ट नगर, भूतनाथ रोड से पूरब बहादुरपुर टेलीफोन एक्सचेंज पास एवं सैदपुर नहर पर आवागमन हेतु सेतु का निर्माण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित सेतुओं के दोनों ओर पहुंच पथ का निर्माण नहीं किये जाने से लोगों को आवागमन में बाधा हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड(1) में वर्णित सेतुओं के दोनों ओर पहुंच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*243. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला का हरदिया से बनौरा पथ एवं राजापट्टी से काशीटेंगराही पथ प्रधान मंत्री सड़क योजना से वर्ष 2008-09 में बना था;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ में प्राक्कलन के अनुरूप पत्थर ग्रेड 2, 75 एम०एम०, ग्रेड 3, 75 एम० एम०, सिलकोड 6 एम० एम० तथा कम्पेक्शन नहीं किया गया है, जिससे पथ क्षतिग्रस्त हो गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि 5 वर्षों तक संवेदक को सड़क का मेंटेनेंस करना है तथा जमा की गई सिक्योरिटी की राशि से पथों की मरम्मती करने का प्रावधान है जबकि अबतक जमा सिक्योरिटी की राशि से उक्त पथों की मरम्मती नहीं की गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सही मापदण्ड के अनुरूप काम नहीं करने वाले दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुलों का निर्माण

*244. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के कॉलेज चौक के पास कोसी धार एवं लहसुना घाट पर स्थित पुल विगत 10 वर्षों से जर्जर है, जिससे आमजन को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुलों का निर्माण कराने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*245. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमंडल के भदहर-नदियामी और बगरासी कदुआ के बीच तीन आर०सी०सी० पुल निर्माण हेतु मुख्य मंत्री सेतु योजनान्तर्गत जिला पदाधिकारी, दरभंगा द्वारा वर्ष 2008-09 एवं 10 में ग्रामीण कार्य प्रमंडल, बेनीपुर 2 के कार्यपालक अभियंता को एक करोड़ रुपये अग्रिम दी थी और निर्धारित समय के भीतर पुल निर्माण कार्य पूरा कर यातायात बहाल करने का आदेश दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त तीनों पुलों में घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग के कारण निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही ध्वस्त हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी अभियंता और एजेंसी के विरुद्ध कौन-कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*246. श्री मोती लाल प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बैरगनिया से पूर्वी चम्पारण के राजकीय उच्च पथ भण्डार चौक तक जाने वाली सड़क में लाल बकेया नदी के जमुआ घाट पर पुल के अभाव में दोनों ओर की आबादी को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शिवहर ने अपने पत्रांक 575, दिनांक 20 जुलाई, 2011 द्वारा 200 मीटर लम्बाई पुल एवं उसमें पहुंच पथ के निर्माण पर 1500 लाख रुपये खर्च होने का उल्लेख किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर उच्चस्तरीय आर० सी० सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का जीर्णोद्धार

*247. श्री अरूण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के भोजपुर, बक्सर, रोहतास एवं कैमूर जिला को राजधानी पटना से जोड़ने वाला बीस वर्ष पूर्व निर्मित कायम नगर पुल विगत तीन वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण यहां आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*248. श्री ललित कुमार यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत मनीगाछी एवं सदर प्रखण्ड के नारायणपुर से बेहटा पथ एवं बढ़ई टोल से भालपट्टी पथ विगत दस वर्षों से काफी जर्जर है जिससे आम जनता को यातायात में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क को निर्माण करने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*249. श्री महेन्द्र बैठा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा प्रखण्ड के चाँद सराय से महिसौर होते हुए चान्देपुर मालपुर, महुआ होते हुए समस्तीपुर तक सड़क का पक्कीकरण नहीं है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*250. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत अमौर प्रखण्ड के प्रतिया गांव में वर्ष 2008-09 में मुख्य मंत्री सेतु निर्माण योजना के तहत स्वीकृत पुल का निर्माण कार्य अबतक पूरा नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का निर्माण नहीं होने से आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण पूर्ण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन खाली कराना

*251. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के विकास भवन को दिनांक 05 मार्च, 2009 से महिला सामाख्या द्वारा कब्जा किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन पर कब्जा रहने के कारण पदाधिकारियों द्वारा की जाने वाली समीक्षा बैठक प्रभावित होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विकास भवन को खाली कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*252. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान-सभा क्षेत्र की क्रमशः मुक्तापुर-किशनपुर-वारिसनगर-हथौड़ी पथ, इलमासनगर-नकटा चौक-किशनपुर स्टेशन-मधुवन-कल्याणपुर पथ, नथ्थुद्वार ढाला से अमसौर होते हुए ढेढा मिल्की से मसीना कोठी पथ तथा रवानपुर थाना मोड़ से सादीपुर-ढेंगराहा होते हुए रोसड़ा-हथौड़ी सड़क तक का पथ लम्बे समय से जर्जर अवस्था में है तथा यातायात में कठिनाई है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बांध का जीर्णोद्धार

*253. श्री अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां-किशनगंज जिलान्तर्गत महानंदा नदी द्वारा प्रखंड बैसा के ग्राम-असजा, गंजपुलिया, मलहना तथा प्रखंड किशनगंज के ग्राम महलबाड़ी पूरब एवं पश्चिम भाग का भीषण कटाव विगत पांच वर्षों से निरंतर हो रहा है जिस कारण प्रत्येक वर्ष उक्त ग्रामों के सैकड़ों परिवार को विस्थापित होना पड़ रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामों में अबतक कोई कटाव रोधक या सुरक्षात्मक कार्य प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम असजा से महलबाड़ी तक महानंदा नदी के किनारे बांध-सह-पनढाल बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बांध बनाना

*254. डॉ० रणविजय कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड के ग्राम रतवार में अदरी नदी पर जमींदारी बांध है जो लगभग 100 साल पुराना है, इस बांध से मुख्य रूप से गांव सुरखी, सोनहुली, कदियाही, हेमजा, चपरी, मानिकपुर, नारायणपुर, चपरा एवं विशुनपुरा के लगभाग (3000) एकड़ जमीन सिंचित होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस वर्ष नदी में बाढ़ आने से 30 सितम्बर, 2011 को यह बांध पूर्ण रूप से टूट गया है, जिससे उपरोक्त गांवों में सुखाड़ की स्थिति हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बांध को पुनर्स्थापित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*255. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के ग्राम पंचायत परसौनी खिरोधर में सरखौली पथ से कन्डौली गजपट्टी पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क तथा धुरवार पी०डब्लू०डी० पथ से परसौनी खिरोधर पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा दो करोड़ रुपये प्राक्कलन के विरुद्ध मात्र 10 लाख रुपये का कार्य कराने तथा समय सीमा 2008 बीत जाने के बावजूद भी कार्य अधूरा है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्राक्कलन के विरुद्ध कार्य करने वाले पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्यूबवेल चालू करना

*256. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत नवार्ड फेज II से वर्ष 2006-07 में विभाग ने ट्यूबवेल लगाने का एकरारनामा किया था परन्तु जिला में कहीं बोरिंग एवं कहीं मोटर लीवर एवं पम्प हाउस का निर्माण कर छोड़ दिया गया है जिससे आजतक एक भी ट्यूबवेल चालू नहीं हुआ है, यदि हां, तो सरकार कबतक ट्यूबवेल को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 07 दिसम्बर, 2011 ई० ।

गिरीश झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

वि०स०मु० (एल०ए०) 55--डी०टी०पी०--450